# अजीत कौर साहित्य अकादमी के सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता से सम्मानित

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** पंजाबी भाषा की जानी मानी लेखिका अजीत कौर को साहित्य अकादमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अकादमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने सम्मान स्वरूप ताम्र पलक और अंगवस्त्रम प्रदान किया और अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने प्रशस्ति पत्र पढ़ा।

■ पंजाबी भाषा की बड़ी लेखिका हैं अजीत कौर




अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में माधव कौशिक ने कहा कि यह अवसर ऋषि ऋण उतारने जैसा है। उन्होंने अपने कार्यों से मां जैसी गरीमा पाई गई है और नारी उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। अपने स्वीकृति वक्तव्य में अजीत कौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके लिए यह बहुत खुशी का अवसर है और वह बेहद सम्मानित महसूस कर रही हैं। इस अवसर पर कुमुद शर्मा ने कहा कि उन्हें सम्मानित कर (अजीत कौर को) वह स्वंय को सम्मानित महसूस कर रहे हैं, उनके लेखन की बेबाकी ने हम सबको प्रोत्साहित किया है। इस अवसर पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंजाबी परामर्श मंडल के संयोजक रवेल सिंह ने की और वनीता और कुलबीर बदेसरोन ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए।